आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

वेव्स 2025

मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स 2025 के तीसरे दिन आज सामुदायिक रेडियो पर राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। इसमें नवीनतम रुझानों, नीतियों और कार्यक्रमों पर विचार–विमर्श होगा। इसका उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना और स्थानीय समुदाय के साथ अधिक प्रभावी ढंग से जुड़ने की क्षमता में वृद्धि करना है। यह सामुदायिक रेडियो केंद्रों को एक दूसरे से जुड़ने, सीखने और सर्वोत्तम परम्पराओं को साझा करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। इस बीच सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वेव्स सम्मेलन पहल के साथ, निर्माता नए अवसरों की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में एक प्रमुख उपलब्धि साबित होगी।

बाईट अश्विनी वैष्णव

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में भाग लिया। बैठक में पार्टी के संविधान बचाओ अभियान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पार्टी नेताओं के साथ प्रदेश में संगठन और अन्य मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया।

प्रैस स्वतंत्रता दिवस

आज विश्व प्रैस स्वतंत्रता दिवस है। यह दिन प्रैस स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर में प्रैस स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है नई दुनिया में रिपोर्टिंग– प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर कृत्रिम मेधा का प्रभाव। यह विषय पत्रकारिता, मीडिया और प्रेस स्वतंत्रता को बदलने में कृत्रिम मेधा के तेजी से विकास और उपयोग पर प्रकाश डालता है।

मौसम

जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। वहीं कल बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने से फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि मौसम में आए इस बदलाव से जहां किसान–बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं, वहीं मैदानी इलाकों में लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आगामी 7 मई तक प्रदेश के मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में अंधड़, तूफान के साथ बारिश का क्रम रूक–रूककर जारी रहेगा।

मार्ग बहाल कार्य

चंबा– पांगी वाया किलाड़ साच पास मार्ग को बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। प्रशासन ने दर्रे को जून माह तक वाहनों की आवाजाही के लिए खोलने का दावा किया है। समुद्र तल से करीब 14 हजार 500 फीट की ऊंचाई पर स्थित साच दर्रे से भारी बर्फ को हटाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है, जिनमें करीब 15 छोटे बड़े गलेशियर है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकर समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला व हिमाचल दस्तक की सुर्खी है– चोटियों पर हिमपात– बारिश, अंधड़, ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान। पंजाब केसरी लिखता है हिमाचल में बारिश के साथ ओलावृष्टि कई जगह पेड़ गिरने से भारी नुकसान। दैनिक भास्कर का शीर्षक है मई का मिजाज ठंडा– हिमपात से पहाड़ चांदी से खिले, बारिश से मैदान भीगे, आठ डिग्री तक गिरा पारा।

दैनिक सवेरा टाइम्स की खबर है मुख्यमंत्री सुक्खू समेत हिमाचल कांग्रेस के तीन दिग्गज दिल्ली में।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है प्रेस फ्रिडम इंडेक्स में एक सौ 80 देशों में एक सौ 51वें नम्बर पर भारत। हिमाचल में ऑनलाइन होंगी राजस्व अदालतें– हिमाचल दस्तक की एक खबर है।